Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

□ वर्ष- 29 □ अंक- 96 □ रायपुर, गुरुवार 30 अप्रैल 2026 □ पृष्ठ-8 □ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

छत्तीसगढ़ विधानसभा का विशेष सत्र

## सीएम साय ने पेश किया महिला आरक्षण बिल पर चर्चा का प्रस्ताव

■ विपक्ष ने गुमराह करने का लगाया आरोप



**रायपुर, 30 अप्रैल (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के विशेष सत्र में विपक्ष के हंगामे के बीच मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने महिला आरक्षण बिल पर चर्चा के लिए शासकीय संकल्प प्रस्ताव पेश किया. आंसदी ने चर्चा के लिए 4 घण्टे का समय निर्धारित किया।

मुख्यमंत्री साय के प्रस्ताव के बाद नेता-प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत अशासकीय संकल्प प्रस्ताव प्रस्तुत किया, जिसे आसंदी ने अग्राह्य कर दिया. इस पर डॉ. महंत ने कहा कि मुख्यमंत्री तो निंदा प्रस्ताव लाने वाले थे, लेकिन यह शासकीय संकल्प प्रस्ताव तो निंदा पर नहीं है। इसके साथ ही विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया. विपक्ष ने आरोप लगाया कि सदन के बाहर और अंदर सत्ता पक्ष की ओर महिलाओं को गुमराह किया जा रहा है। प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान विधायक लता उसेंडी ने कहा कि महिला आरक्षण पर रुकावट बनने का काम विपक्ष ने किया. महिला आरक्षण बिल को लोकसभा में गिराने का काम विपक्ष ने किया. महिलाओं की भावनाओं और सम्मान का ख्याल नहीं रखा गया। कांग्रेस का पक्ष रखते हुए अनिला भेड़िया ने कहा कि महिला आरक्षण का कांग्रेस समर्थन करती है. महिला आरक्षण 2029 में लागू किया जाना चाहिए. 2023 में बिल पारित है. इसे तत्काल लागू किया जाना चाहिए. जिन्होंने नारी का अपमान किया उसका विनाश हुआ है. रामायण में माता सीता का हरण और रावण का विनाश नारी अस्मिता और स्वाभिमान की रक्षा और सम्मान का उदाहरण है।

### दिवंगतों की दी गई श्रद्धांजलि

**नारी** शक्ति वंदन अधिनियम के लोकसभा से पारित नहीं हो पाने पर विपक्ष के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित करने के लिए छत्तीसगढ़ विधानसभा का विशेष सत्र शुरू हो गया है. छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व सदस्य जगेश्वर राम भगत और छत्तीसगढ़ से राज्यसभा की सदस्य रहीं मोहसिना किदवई के निधन पर श्रद्धांजलि देते हुए सदन की कार्यवाही शुरू हुई।

## भाजपा नेता चतुर्भुज राठी के ठिकाने पर पहुंची ईडी की टीम

■ भारतमाला परियोजना से जुड़ा है मामला



**दुर्ग, 30 अप्रैल (हाईवे चैनल)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की सक्रियता एक बार फिर प्रदेश में सक्रियता नजर आ रही है.

अबकी बार ईडी की टीम ने भाजपा नेता और अमर इंफ्रा के संचालक चतुर्भुज राठी के दुर्ग के महेश कालोनी स्थित निवास पर छापा मारा है. बताया जा रहा है मामला भारतमाला परियोजना से जुड़ा हुआ है. चतुर्भुज राठी एक बड़ी इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी अमर इंफ्रा के संचालक हैं. इसके अलावा हाल ही इनके कोयला कारोबार में भी प्रवेश करने की बात कही जा रही है. अमर बिल्डर्स के वेबसाइट में दी गई जानकारी के अनुसार, चतुर्भुज राठी ने सन् 1986 में अमर बिल्डर्स को एकल स्वामित्व के रूप में सफलतापूर्वक चलाने के बाद कंपनी की नींव रखी. उनके नेतृत्व में कंपनी ने कई उपलब्धियाँ हासिल कीं, अपने कार्यक्षेत्र का विस्तार किया और देश भर में बड़ी परियोजनाओं को हाथ में लिया।

## अमेरिका को हरा चुके देश के राष्ट्रपति आ रहे हैं भारत शुरू होगा चीन-पाकिस्तान की घेराबंदी का नया अध्याय



**नई दिल्ली, 30 अप्रैल (न्यूज चैनल)।** वियतनाम के राष्ट्रपति तो लाम पांच मई को अपनी तीन दिवसीय यात्रा के तहत भारत आएंगे और यहां रक्षा, व्यापार तथा महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों के क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों की मजबूती पर चर्चा की जाएगी। भारतीय विदेश मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राष्टपति तो लाम के साथ द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं के साथ-साथ पारस्परिक हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर व्यापक चर्चा करेंगे। खास बात यह है कि राष्टपति चुने जाने के बाद लाम की यह भारत की पहली यात्रा होगी। माना जा रहा है कि तो लाम का भारत दौरा न केवल दोनों देशों के रिश्तों को नई ऊंचाई देगा, बल्कि एशिया की सामरिक राजनीति में भी हलचल मचाने वाला है। पांच से सात मई तक होने वाली यह यात्रा ऐसे समय पर हो रही है जब भारत और वियतनाम के रिश्ते अपने सबसे मजबूत दौर में हैं। हम आपको बता दें कि भारत और वियतनाम के रिश्ते कोई आज के नहीं हैं। ये ऐतिहासिक और सांस्कृतिक जुड़ाव की मजबूत नींव पर खड़े हैं। साल 2016 में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वियतनाम गए थे।

## वैष्णो देवी से लौटते समय हादसा,कार में आग लगने से 5 लोगों की मौत



**नई दिल्ली, 30 अप्रैल (न्यूज चैनल)।** दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर एक बड़े सड़क हादसे की खबर सामने आई। गैस का रिसाव होने से कार में भयंकर आग लग गई जिससे अंदर बैठे 5 लोग जिंदा जल गए। राजस्थान के अलवर जिले में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर बुधवार देर रात एक भीषण सड़क हादसे से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। लक्ष्मणगढ़ थाना क्षेत्र के मौजपुर के पास एक चलती कार अचानक आग की चपेट में आ गई और देखते ही देखते पूरी तरह जलकर खाक हो गई। इस दर्दनाक हादसे में कार में सवार पांच लोगों की मौके पर ही जलकर मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार, सभी मृतक मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले के रहने वाले थे और हाल ही में वैष्णो देवी के दर्शन करके वापस अपने घर लौट रहे थे। परिवार ने यात्रा के लिए एक टैक्सी बुक की थी। यात्रा पूरी करने के बाद जब वे वापस लौट रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। चश्मदीद और शुरुआती जांच के मुताबिक, जैसे ही कार एक्सप्रेसवे से गुजर रही थी, उसमें अचानक आग लग गई।

बताया जा रहा है कि वाहन सीएनजी-पेट्रोल दोनों से चलने वाला था और गैस रिसाव के कारण आग भड़की। आग इतनी तेजी से फैली कि कार में बैठे लोगों को बाहर निकलने का कोई मौका नहीं मिला। मृतकों में तीन महिलाएं, एक नाबालिग लड़की और एक पुरुष शामिल है। मृतकों की पहचान संतोष, उनकी पत्नी शशि, उनकी मां पार्वती, बेटी रागिनी और साक्षी के रूप में हुई है। ये सभी मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले के चैनपुरा के निवासी थे। उन्होंने बताया, वाहन से केवल कंकाल बरामद हुए हैं। उनकी पहचान के लिए डीएनए परीक्षण किए जाएंगे। कार चालक विनोद कुमार वाहन से कूदने में कामयाब रहा, लेकिन वह लगभग 80 प्रतिशत झुलस गया।

### ब्रेकिंग न्यूज

### तेज रफ्तार कार ने बाइक को रौंदा दो बच्चों समेत चार की मौत



**नई दिल्ली, 30 अप्रैल (न्यूज चैनल)।** शाहजहांपुर जिले में शाहजहांपुर-पलिया हाईवे पर पुवायां थाना क्षेत्र के गांव भूड़ा मैनारी ओवरब्रिज के पास बोलेरो कार की टक्कर से बाइक सवार दंपती और दो बच्चों की मौत हो गई। उनकी पहचान निगोही के मोहल्ला रामनगर बगिया निवासी अरुण कुमार उर्फ कन्हैया (40 वर्ष), अरुण की पत्नी सीमा देवी (35 वर्ष), बेटी दीक्षा (आठ वर्ष) और बेटे नैतिक (छह वर्ष) के रूप में हुई। हादसे की सूचना मिलते ही उनके परिजनों में कोहराम मच गया। अरुण की ससुराल पुवायां के गांव सिरखिड़ी में है। अरुण के ससुर गोपी के परिवार में बेटी की शादी थी। अरुण अपनी पत्नी और बच्चों के साथ शादी में शामिल होने के लिए 28 अप्रैल को सिरखिड़ी गांव आए थे। बृहस्पतिवार को वह घर वापस जा रहे थे। गांव भूड़ा मैनारी ओवरब्रिज के पास बोलेरो की टक्कर बाइक में लग जाने से दंपती और दोनों बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर भीड़ लग गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने घायलों को पुवायां सीएचसी भिजवाया।

## पुणे के कोंढवा में क्लोरीन गैस रिसाव, 24 लोग अस्पताल में भर्ती



**नई दिल्ली, 30 अप्रैल (न्यूज चैनल)।** पुणे के कोंढवा में बंद पड़े जल शोधन संयंत्र से बुधवार देर रात क्लोरीन गैस रिसाव के कारण कम से कम 22 निवासियों और दो दमकलकर्मियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। दमकल विभाग के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह रिसाव रात करीब 1 बजे गंगाधाम इलाके में बंद पड़े जल शोधन संयंत्र के गोदाम में क्लोरीन से भरे टैंक से हुआ।

एक दमकल अधिकारी ने बताया, गैस रिसाव से आसपास के निवासियों को सांस लेने में तकलीफ होने लगी। सूचना मिलते ही दमकल कर्मियों को मौके पर भेजा गया। कई नागरिकों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया और सुरक्षा उपकरणों की सहायता से रिसाव वाले टैंक की मरम्मत की गई।

उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान 22 निवासियों और 2 दमकलकर्मियों को सांस लेने में तकलीफ हुई और उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया। जल शोधन संयंत्र के मालिक ने बताया कि उसने संयंत्र को बंद कर दिया था, लेकिन क्लोरीन का टैंक वहीं रह गया, जिससे रिसाव हुआ। अधिकारी ने कहा, सभी प्रभावित निवासी और दोनों दमकलकर्मी खतरे से बाहर हैं और वर्तमान में ससून जनरल अस्पताल में निगरानी में हैं।

## प्लास्टिक फैक्ट्री में भीषण आग दमकल की 5 गाड़ियां मौके पर

आग पर काबू पाने की कोशिश जारी

**रायपुर, 30 अप्रैल (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के सड्डू इलाके में स्थित कवल मल्टीलेयर प्लास्टिक फैक्ट्री में गुरुवार सुबह भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही समय में पूरा गोदाम इसकी चपेट में आ गया। घटना से इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है।



**दमकल की 5 गाड़ियां जुटीं, रेस्क्यू ऑपरेशन जारी:** घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीमें मौके पर पहुंचीं। अब तक दमकल की 5 गाड़ियां आग बुझाने के कार्य में जुटी हैं, जबकि और वाहनों के पहुंचने का सिलसिला जारी है। इसके अलावा पुलिस और फायर ब्रिगेड की संयुक्त टीम भी मौके पर मौजूद है और स्थिति पर नजर बनाए हुए है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, आग इतनी भीषण थी कि देखते ही देखते पूरे प्लास्टिक गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया। आग लगातार बढ़ती जा रही है और उसे नियंत्रित करने में कठिनाई हो रही है। यह पूरा मामला विधानसभा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आता है। प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंचकर स्थिति की निगरानी कर रहे हैं। फिलहाल आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है और नुकसान का आकलन आग पर पूरी तरह काबू पाने के बाद ही संभव होगा।




**चूहा-** एक्जिट पोल वाले पश्चिम बंगाल में भाजपा की सरकार बना रहे हैं।

**चुहिया-** हांजी, एक्जिट पोल में तो पोल ही पोल रहता है, असलियत तो 4 मई को सामने आएगी।

